## खबर संक्षेप

### बाड़ी में लहलहा रहे थे गांजे के पौधे, पुलिस ने की कार्रवाई

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने ग्राम गैतरा में एक व्यक्ति को अवैध रूप से गांजे की खेती करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 6 किलो 600 ग्राम वजन के हरे गांजे के पौधे जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डहेरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 31 मई को पुलिस टीम गश्त के दौरान ग्राम गैतरा पहुंची, जहां सोनेलाल पटेल 68 वर्ष अपनी बाड़ी में गांजा के पौधे लगाए हुए था। पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने गांजा के पौधे लगाने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने विधिवत कार्रवाई करते हुए खेत में लगे गांजा के पौधों को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल कटनी भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राजेश बागरी, प्रधान आरक्षक शोभनाथ शर्मा, आरक्षक आशीष श्रीवास, राकेश साहू एवं उमाकांत तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### हादसे में घायल युवक ने इलाज दौरान दम तोड़ा

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत लमतरा रेलवे ब्रिज के ऊपर हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल कन्हवारा निवासी युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पारस मणि कुशवाह 31 वर्ष बीते 7 मई की रात करीब लमतरा रेलवे ब्रिज के ऊपर दुर्घटना का शिकार हो गया था। सड़क हादसे में आई गंभीर चोटों के कारण अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था, जहाँ उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### लापता दो नाबालिगों को पुलिस ने किया दस्तयाब

**कटनी।** स्लीमनाबाद एवं माधवनगर थाना की निवार चौकी पुलिस ने लापता नाबालिगों को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सुदेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस द्वारा गुमशुदा नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब किया गया दस्तयाबी उपरांत नाबालिग बालिका को उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया । इसी तरह माधवनगर अंतर्गत चौकी निवार पुलिस ने गुम बालिका को ढूंढ कर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस के अनुसार 28/05/26 को ग्राम सुनेहरा निवासी फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि इसकी नातिन जिसकी 17 वर्ष की घर से बिना बताए कहीं चली गई है। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। 2 जून को किशोरी को दस्तयाब कर परिजनों के सुपर्द किया गया।

### शहरी से लेकर ग्रामीण अंचलों में देशी एवं कच्ची शराब का अवैध कारोबार

# गली कूचों में अवैध बिक्री के साथ ही ढाबा, टपरों एवं ठेलों में भी परोसी जा रही शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में देशी एवं कच्ची शराब का अवैध चल रहा है। शराब की तस्करी भी बेरोकटोक हो रही है। हद तो यह है कि ढाबा, चायपान के ठेलों एवं टपरों तक में शराब परोसी जा रही है। शराब के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों को मानो कानून का कोई भय ही नहीं रहा। हालांकि पुलिस द्वारा शराब की अवैध बिक्री एवं तस्करी करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है लेकिन व नाकाफी साबित हो रही है। पुलिस की कार्यवाही छुटभैया ही तक रहती है जबकि माफिया बेखौफ हैं।



एनकेजे पुलिस ने 63 लीटर अवैध देशी प्लेन मशाला शराब जब्त की है। पुलिस ने शराब का परिवहन कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जिला जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक स्कूटी से अवैध शराब लेकर झलवारा से हिरवारा की ओर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध स्कूटी को रोका और तलाशी ली। जांच में स्कूटी पर रखे सात कार्टूनों में 63 लीटर देशी प्लेन मशाला शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सतीष चौधरी और विकाश चौधरी निवासी झर्रा टिकुरिया कटनी बताए। दोनों आरोपी शराब परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने करीब 30 हजार रुपये मूल्य की शराब तथा परिवहन में प्रयुक्त टीवीएस जुपिटर स्कूटी जब्त कर ली।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया गया।

#### पुलिस ने यहां से शराब की जब्त

बाकल पुलिस ने अलग-अलग स्थान से देशी कच्ची शराब जब्त की है। पुलिस के अनुसार ग्राम खजूरी निवासी रूपबाई यादव के पास से चार लीटर कच्ची महुआ शराब एवं पार्वती यादव के पास से चार लीटर कच्ची शराब जप्त की गई है। इसी तरह ग्राम खुर्शी निवासी विनोद यादव के पास से 16 पाव देसी प्लेन शराब बरामद की गई। उधर बरही पुलिस ने ग्राम हर्रवाह निवासी नत्थी यादव के पास से 18 पाव देसी प्लेन शराब बरामद की है वही ग्राम मिड़की निवासी राजकुमार कोल के पास से 5 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है। थाना क्षेत्र अंतर्गत ही ग्राम नदावन निवासी संतरा चौधरी के पास से 15 पाव देसी प्लेन शराब बरामद की गई। बहोरीबंद पुलिस ने ग्राम ककरहटा निवासी नंदू उर्फ नंदकुमार बर्मन के पास से 5 लीटर कच्ची शराब बरामद की। वहीं ग्राम नीमखेड़ा निवासी वीर सिंह के पास से 18 पाव देशी शराब बरामद की गई। कूड़न निवासी अनंत राम विश्वकर्मा को 15 देसी शराब के साथ पकड़ा गया।

#### ढाबा व टपरा में पिला रहे थे शराब

कुठला पुलिस ने ग्राम मझगवां फाटक स्थित सियाराम ढाबा में लोगों को बैठाकर अवैध रूप से शराब पिलाने पर कार्यवाही की गई। पुलिस ने निक्की वंशकार के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। मझगवां फाटक क्षेत्र के ही चाय नाश्ता के टपरे में भी लोगों को बैठकर शराब पिलाई जा रही थी। पुलिस ने दबिश देकर कार्यवाही की। इस मामले में सचिन तिवारी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। वहीं पुरैनी में अंडा के टपरा में लोगों को बैठकर शराब पिलाई जा रही थी जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुये अंकित खरे के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध किया है।



## 63 लीटर शराब जब्त, दो आरोपितों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एनकेजे पुलिस ने 63 लीटर अवैध देशी प्लेन मशाला शराब जब्त की है। पुलिस ने शराब का परिवहन कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जिला जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रुपेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक स्कूटी से अवैध शराब लेकर झलवारा से हिरवारा की ओर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध स्कूटी को रोका और तलाशी ली। जांच में स्कूटी पर रखे सात कार्टूनों में 63 लीटर देशी प्लेन मशाला शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सतीष चौधरी और विकाश चौधरी निवासी झर्रा टिकुरिया कटनी बताए। दोनों आरोपी शराब परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने करीब 30 हजार रुपये मूल्य की शराब तथा परिवहन में प्रयुक्त टीवीएस जुपिटर स्कूटी जब्त कर ली। पुलिस ने दोनों आरोपियों के मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया गया।

### सीएसआर के तहत अडानी फाउंडेशन की सराहनीय पहल

## विद्यार्थियों को मिलेगा शुद्ध पेयजल, उत्कृष्ट स्कूल को मिला वाटर कूलर और आरओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

अडानी फाउंडेशन ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर ) के स्थानीय महावीर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहोरीबंद में बच्चों के लिए आधुनिक आर.ओ फिल्टर एवं वाटर कूलर स्थापित किया गया है, जिसका लाभ स्कूल के सैकड़ों बच्चों को मिलेगा।1200 विद्यार्थियों को मिलेगा शुद्ध पेयजल-वाटर कूलर के लोकार्पण अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र कुमार राय ने अडानी फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।




उन्होंने बताया कि स्कूल में लंबे समय से स्वच्छ पेयजल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस आधुनिक आर.ओ. और वाटर कूलर के लगने से स्कूल के लगभग 1200 विद्यार्थियों को अब नियमित रूप से शुद्ध और शीतल पेयजल मिल सकेगा, जिससे उनके स्वास्थ्य पर बेहद सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।साफ जल ही स्वस्थ जीवन है-कार्यक्रम में मौजूद अडानी फाउंडेशन की तरफ से एसोसिएट मैनेजर सतीश गायकवाड़ और 132 केव्ही बहोरीबंद सब-स्टेशन हेड मोहित ग्रोवर ने बच्चों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन की शुरुआत साफ जल से होती है। अमूमन कहा जाता है कि ₹जल ही जीवन है₹ परंतु हमारा मानना है कि ₹साफ जल ही स्वस्थ जीवन है।₹ अधिकारियों ने प्राचार्य का धन्यवाद करते हुए कहा कि हमें बच्चों की सेवा करने का यह मौका मिला, इसके लिए हम आभारी हैं। हमारी यह छोटी सी कोशिश बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाएगी और उनके सुनहरे भविष्य में योगदान देगी।

## अमानक दही के विक्रय पर 30 हजार रूपये का अर्थदंड

**कटनी।** अमानक दही का विक्रय एवं संग्रहण करने के मामले में न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा ने खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही करते हुये स्टेशन रोड स्थित श्री नैवेद्यम रेस्टोरेंट के संचालक पर 30 हजार रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ब्रजेश कुमार विश्वकर्मा ने 10 अक्टूबर 2024 को स्टेशन रोड स्थित श्री नैवेद्यम रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान रेस्टोरेंट के फ्रिज में रखे दही और ग्रेवी मसाला में मिलावट का संदेह होने पर उन्होंने रेस्टोरेंट संचालक हरीश गांधी (निवासीः सिविल लाइन, गणेश चौक) की सहमति के बाद दही और ग्रेवी के सैंपल लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला, भोपाल भेज दिया था।

राज्य खाद्य प्रयोगशाला, भोपाल से आई जांच रिपोर्ट में रेस्टोरेंट का ग्रेवी तो मानक पाया गया जबकि दही 'अमानक' पाया गया। जांच रिपोर्ट में मिलावट की पुष्टि होने के बाद, न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा के कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मिश्रा ने रेस्टोरेंट के संचालक हरीश गांधी पर 30 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया है। साथ ही अर्थदंड की राशि निर्धारित आदि के खाते में 30 दिवस के भीतर जमा कर चालान की प्रति न्यायालय में जमा करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## रेलवे स्टेशन में खाद्य सुरक्षा टीम ने खाद्य पदार्थों के लिए सेम्पल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्य रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज एक संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जबलपुर से आए खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत यादव के नेतृत्व में टीम ने स्टेशन के विभिन्न फूड स्टॉलों और खान-पान इकाइयों का सघन निरीक्षण किया।



संयुक्त निरीक्षण दल में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक बी.पी. सिंह, स्टेशन प्रबंधक कटनी एच.के. शुक्ला और मुख्य वाणिज्य निरीक्षक कटनी नावेद सिद्दीकी मुख्य रूप से शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने स्टेशन पर बेचे जा रहे खाद्य पदार्थों की शुद्धता, एक्सपायरी डेट और साफ-सफाई के स्तर को बारीकी से परखा। 'फूड सेफ्टी' मानकों के उल्लंघन को रोकने के लिए संदिग्ध खाद्य पदार्थों के सैंपल (नमूने) भी लिए गए, जिन्हें लैब टेस्टिंग के लिए भेजा जाएगा। अधिकारियों ने सभी वेंडर्स और स्टॉल संचालकों को कड़े निर्देश दिए कि यात्रियों की सेहत के साथ किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों का कहनाहै कि रेलवे प्रशासन यात्रियों को स्वच्छ और सेहतमंद खान-पान की सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस तरह के औचक निरीक्षण आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

### बुधवार को होनी थी परीक्षा, नहीं आये कोई विद्यार्थी

## परीक्षा दिलाने विद्यार्थियों को गांव से लेकर आये प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों का ज्ञान नहीं, बल्कि समाज के अंतिम छोर तक अवसर पहुँचाने का संकल्प है। इस संकल्प की एक प्रेरक मिसाल बुधवार को आदिवासी अंचल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैगवां में देखने को मिली।



कक्षा 9वीं एवं 11वीं की द्वितीय परीक्षा के दिन बुधवार की सुबह जब विद्यालय खुला, तो परीक्षा कक्ष लगभग खाली था। निर्धारित समय पर केवल एक छात्रा ही परीक्षा देने पहुँची थी। यह दृश्य देखकर विद्यालय परिवार चिंतित हो उठा। लेकिन हार मानने के बजाय प्राचार्य विपिन तिवारी ने स्वयं जिम्मेदारी संभाली। वे एक सहयोगी शिक्षक के साथ निजी वाहन से लगभग तीन किलोमीटर दूर स्थित आदिवासी बस्तियों खुसरा और रामपुरा पहुँचे। वहाँ का दृश्य शिक्षा के सामने मौजूद चुनौतियों की कहानी कह रहा था। कुछ विद्यार्थी अभी नींद में थे, तो कुछ बिना किसी चिंता के इधर-उधर घूम रहे थे। अभिभावकों में भी परीक्षा को लेकर विशेष जागरूकता दिखाई नहीं दी।

इसके बावजूद शिक्षकों ने अपने दायित्व को केवल विद्यालय परिसर तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया, प्रेरित किया और अपने वाहन से विद्यालय लाकर परीक्षा में शामिल कराया। उल्लेखनीय है कि इन विद्यार्थियों में कई ऐसे भी थे जिन्होंने परीक्षा शुल्क तक जमा नहीं किया था, फिर भी उनका भविष्य प्रभावित न हो, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए गए।

कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन एवं जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में आदिवासी अंचलों में शिक्षा की अलख जगाने का अभियान लगातार जारी है। यह घटना बताती है कि जब शिक्षक केवल पढ़ाने वाला नहीं, बल्कि मार्गदर्शक और अभिभावक की भूमिका निभाता है, तब शिक्षा की रोशनी दूर-दराज़ बस्तियों तक पहुँचती है।

सच तो यह है कि जब शिक्षक घर-घर पहुँचता है, तभी विद्यार्थी परीक्षा कक्ष तक पहुँच पाता है; और तभी शिक्षा अपने वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त करती है।



खबर संक्षेप

## ग्राम पंचायतों द्वारा कराए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आज

**कटनी।** जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी युजवेंद्र कोरी की अध्यक्षता में गुरुवार 4 जून को ग्राम पंचायतों की समीक्षा बैठक मंगल भवन ढीमरखेड़ा में दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। जनपद पंचायत सीईओ श्री कोरी द्वारा ई-केवाईसी मनरेगा,समग्र,आवास पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास पूर्णता, मनरेगा अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कराए गए कार्यों, स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत नवीन प्रणाली से भुगतान, निर्माण कार्यों, करारोपण, 6वा वित्त के अंतर्गत पंचायत दर्पण पोर्टल पर फीडिंग कार्य, संबल योजना के अंतर्गत पंजीयन कार्य एवं अनुग्रह सहायता के प्रकरणों में निराकरण की स्थिति और सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत लंबित शिकायतों की ग्राम पंचायतवार वृहद समीक्षा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक निर्देश दिए हैं। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यालय अधिकारी श्री कोरी ने समीक्षा बैठक में सभी ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, सहायक यंत्री , उपयंत्री, खंड पंचायत अधिकारी, पंचायत समन्वय अधिकारी, सहायक विकास विस्तार अधिकारी एवं योजना शाखा प्रभारी को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में आवश्यक रूप से उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है।

## हांका टीम ने आवारा मवेशियों एवं श्वानों को पकड़ने की कार्यवाही

**कटनी।** नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम करने तथा नागरिकों को सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा विगत शाम 9 घुमंतू गाय-बैल एवं आवारा श्वानों को सुरक्षित पकड़कर निर्धारित स्थलों में भेजने की कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा गठित विशेष दल द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों एवं आवासीय क्षेत्रों मानसरोवर कॉलोनी, दुबे कॉलोनी वाजपेयी जी के घर के पास एवं झर्रा टिकुरिया राठौर होटल के पास भ्रमण कर सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर विचरण करने वाले 6 गाय, बैल को पकड़कर अमीरगंज कांजी हाउस तक सुरक्षित पहुंचाने की कार्यवाही की गई। वहीं आवारा श्वानों के संबंध में भी निर्धारित मानकों के अनुरूप 3 श्वानों को पकड़ने की कार्रवाई की गई, जिससे नागरिकों को होने वाली असुविधा एवं संभावित जोखिमों को कम किया जा सके। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने पालतू पशुओं को खुले में न छोडें तथा उनकी समुचित देखरेख सुनिश्चित करें। सड़क पर छोड़े गए पशु न केवल यातायात बाधित करते हैं बल्कि दुर्घटनाओं का कारण भी बन सकते हैं। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नगर को सुरक्षित, स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## जिला चिकित्सालय में नि:शुल्क प्याऊ सेवा शुरू

**कटनी।** भीषण गर्मी के बीच मरीजों और उनके परिजनों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शासकीय चिकित्सालय परिसर में पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दाजी की स्मृति में निशुल्क प्याऊ सेवा शुरू की गई है। सदस्यों ने बताया कि गर्मी के मौसम में अस्पताल आने वाले लोगों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। गौरतलाप है कि संस्था द्वारा मरीज उनके परिजन तथा अस्पताल स्टाफ इस सेवा का लाभ ले रहे हैं।संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज सेवा और जनकल्याण की भावना को आगे बढ़ाते हुए यह कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जरूरतमंदों की सहायता के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाती रहेंगी। निशुल्क प्याऊ की इस पहल की लोगों ने टीम की सराहना की है।

### मुख्य सचिव ने की कलेक्टर्स के साथ अभियान संबंधी तैयारियों की समीक्षा

# शिकायतों का गंभीरता के साथ करें निराकरण योजनाओं का लाभ दिलाने में न हो लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कलेक्टर्स से कहा है कि मुख्यमंत्री की प्राथमिकता के अनुरूप 5 जून से आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय जनकल्याण अभियान में पात्र हितग्राहियों को केंद्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि इस दौरान विश्व पर्यावरण दिवस पर ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ और स्वच्छता अभियान, जनकल्याण शिविर, प्राकृतिक खेती कार्य-शालाएं तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस गतिविधियों का उत्कृष्ट क्रियान्वयन हो जिससे देश में मध्यप्रदेश अग्रणी हो। मुख्य सचिव जैन बुधवार को मंत्रालय से संभाग के कमिश्नर, कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत को वीडियो कांफ्रेसिंग के साथ अभियान की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

इस दौरान कटनी के कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष से कलेक्टर आशीष तिवारी वर्चुअली जुड़े रहे। जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, निगमायुक्त तपस्या सिंह, सहायक कलेक्टर श्लोक वाइकर, डीईओ राजेश अग्रहरि,लोक सेवा जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा वीडियो कांफ्रेंसिंग में मौजूद रहे।




मुख्य सचिव ने कलेक्टर्स से कहा है कि कलेक्टर्स प्रयास करें कि योग का एक कार्यक्रम जिले की ऐतिहासिक धरोहर अथवा पर्यटन स्थल पर जरूर आयोजित हो। बैठक में बताया गया कि गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड के लिए योग की व्यक्तिगत श्रेणी की गतिविधि 14 जून को भी होगी जिससे लोग टोल-फ्री नंबर 18003157008 पर पंजीयन करवा सकते हैं। इस दिन यह आयोजन सुबह 6.15 से 7.35 बजे तक होगा। श्री जैन ने कलेक्टर्स से कहा कि प्रभारी मंत्री से समन्वय कर कलेक्टर्स विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक होने वाली सभी गतिविधियों के लिए प्लान तैयार करें। उन्होंने पिछले वर्ष 'एक पेड़ मां के नाम में मध्यप्रदेश की देश में टॉप रैंक होने पर बधाई देते हुए कहा कि इस वर्ष भी प्रदेश को अग्रणी रखने के लिए पूरी प्लानिंग से नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में पौध-रोपण किया जाए। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव 5 जून को भोपाल से अभियान का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान पूरे प्रदेश में जल चेतना और पर्यावरण सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। पौध-रोपण जियो टैगिंग और क्यू आर कोड के साथ किया जाएगा। इस गतिविधि के तहत स्वच्छता अभियान चलाकर ठोस और प्लास्टिक अपशिष्ट की सफाई के साथ जल स्त्रोतों की सफाई और गहरीकरण के कार्य भी किए जाएंगे।

श्री जैन ने 12 से 18 जून की अवधि में हर ब्लाक में 3 दिवसीय जनकल्याण शिविर लगाने पर सर्वाधिक फोकस करने के कलेक्टर्स को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हितग्राही का योजनाओं के लिए चयन और प्रचलित योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने में पूरी गंभीरता बरतें। उन्होंने इस दौरान लोक सेवा गारंटी में प्राप्त शिकायतों के साथ ही समाधान एक दिन में प्राप्त आवेदनों का संतुष्टि पूर्ण समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रयास हो कि समय-सीमा में ही आवेदकों की जायज मांगो और शिकायतों का समाधान हो जाए। उन्होंने कहा है कि संबंधित विभाग संवदेनशील रहें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी वंचित पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं के लाभ से नहीं छूटे। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि 19 और 20 जून को हर जिले में अनिवार्य रूप से प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदर्शनी और कार्यशालाएं दो-दो स्थानों पर आयोजित की जाएं। उन्होंने कृषि भूमि को अधिक उपजाऊ बनाए रखने के लिए सही अर्थों में फर्टिलाइजर के उपयोग को हतोत्साहित करने और प्राकृतिक खेती को अपनाने पर फोकस करने के लिए कहा है।

# पंचायत एवं ग्रामीण विकास की समीक्षा 9 जून को होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में पंचायत एवं ग्रामीण विकास की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक मंगलवार,9 जून को अपरान्ह 2.30 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित होगी। सुश्री कौर द्वारा बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग एवं समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

जिला पंचायत सीईओ द्वारा आयोजित बैठक में महिला एवं बाल विकास और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत अपूर्ण आंगनवाड़ी भवनों, वाटर हार्वेस्टिंग, जल जीवन मिशन के कार्यों और पेयजल की उपलब्धता आदि की समीक्षा, मनरेगा, योजना विभाग,पंचायत (निर्माण),15वां वित्त, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम (एमडीएम) /शिकायत शाखा, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण की समीक्षा की जाएगी।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने आयोजित समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के समस्त शाखा प्रभारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, एपीओ / एएओ मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं स्वच्छ भारत मिशन के सभी विकासखंड समन्वयक,ब्लॉक मैनेजर एनआरएलएम,समस्त सीडीपीओ महिला एवं बाल विकास,एसडीओ पीएचई और समस्त जनपद शिक्षा न केंद्र के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक को निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी सहित नियत समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

## महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मटवारा की रजनी पटेल 53 साल को अस्वस्थ होने के चलते शासकीय जिला अस्पताल कटनी में भर्ती कराया गया था। जहाँ 2 जून 2026 की दोपहर उन्हें मृत अवस्था में पाया गया। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मौत के असल कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### सुरक्षित आवागमन के लिये निगम प्रशासन की पहल

# मुख्य मार्गों में जेब्रा क्रॉसिंग एवं स्पीड ब्रेकर पर लगाये जा रहे रिफ्लेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर में यातायात व्यवस्था को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में नगर निगम प्रशासन द्वारा लगातार आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं। आयुक्त नगर पालिक निगम कटनी सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार नगर के प्रमुख मार्गों, व्यस्त चौराहों एवं संवेदनशील क्षेत्रों दुर्गा चौक, दुबे कॉलोनी, माई नदी पुल, बरगवां, मिशन चौक नगर निगम कार्यालय के सामने मिशन चौक से आजाद चौक मार्ग आदि स्थलों में जेब्रा क्रॉसिंग एवं स्पीड ब्रेकरों पर रेखांकन के कार्य उपरांत रोड स्टड्स रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य किया गया।

नगर निगम चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर योगेश पवार ने बताया कि नगर निगम द्वारा किए जा रहे इस कार्य का उद्देश्य वाहन चालकों को रात्रि के समय एवं खराब मौसम में भी सड़क संकेत स्पष्ट रूप से दिखाई देना सुनिश्चित करना है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। रोड स्टड्स लगाए जाने से वाहन चालकों को स्पीड ब्रेकर एवं पैदल पार पथ की पूर्व जानकारी आसानी से मिल सकेगी तथा यातायात अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनेगा।



उल्लेखनीय है कि निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो सहित बाजार क्षेत्रों में रोड मार्किंग एवं जेब्रा क्रॉसिंग का कार्य भी निरंतर प्रगतिरत है। उक्त कार्यवाही के आगामी चरण में नगर के विभिन्न पार्किंग एवं नो पार्किंग स्थलों में सूचना संकेतक का कार्य भी किया जाएगा ताकि नागरिकों के वाहनों को निर्धारित स्थल पर खड़ा कराकर यातायात व्यवस्था को और अधिक सुगम बनाया जा सके।

श्री पवार ने जानकारी देते हुए बताया गया कि शहर में सड़क सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने के लिए चिन्हांकन, रिफ्लेक्टिव सामग्री एवं अन्य यातायात सुरक्षा उपायों पर भी लगातार कार्य किया जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने तथा सुरक्षित आवागमन में प्रशासन का सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है।

# उत्कृष्ट कार्यों पर जिले के 207 पुलिस कर्मियों को पुरस्कार राशि वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

### लापता बालक बालिकाओं की दस्तयाबी की सफलता पर किया गया पुरस्कृत

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार अप्रैल 2026 में संचालित गुम बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी विशेष अभियान में सफलता हासिल करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। कटनी जिले में अभियान के दौरान दर्ज 67 प्रकरणों में 207 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए गुम बच्चों को तलाशने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने अपराध नियंत्रण, तकनीकी एवं प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करते हुए कुल 1 लाख 500 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की। इस दौरान साइबर सेल के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभिन्न प्रकरणों में जारी 11 पृथक आदेशों के माध्यम से 45 अधिकारी एवं कर्मचारियों को उनके अनुशासित कार्य, अपराध नियंत्रण में प्रभावी भूमिका तथा विभाग के प्रति समर्पित सेवा भावना के लिए 22 हजार की अतिरिक्त पुरस्कार राशि प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने सभी पुरस्कृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि जिला कटनी पुलिस ने मुख्यालय द्वारा संचालित विशेष अभियानों में लगातार प्रभावी और संवेदनशील भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की मेहनत, समन्वय से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत हुई है। विशेष अभियान के दौरान गुम बालक-बालिकाओं की सफल दस्तयाबी, अपराधों के त्वरित निराकरण तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में योगदान देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यों को विभाग द्वारा सम्मानित किए जाने से पुलिस बल का मनोबल भी बढ़ा है।

# लंबित मांगों को लेकर बेमियादी हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ शाखा कटनी के जिला अध्यक्ष इंद्र कुमार बाजपेई के नेतृत्व में जिले भर के कर्मचारी आंदोलन में शामिल हुए।संघ के अनुसार प्रदेश के लगभग 32 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन कर रहे हैं, लेकिन नियमितीकरण सहित अन्य मांगों पर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, एनपीएस एवं स्वास्थ्य बीमा सुविधा, 10 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि, महंगाई भत्ता, वेतन विसंगतियों का निराकरण तथा नियमित कर्मचारियों के समान सुविधाएं शामिल हैं।कर्मचारियों ने बताया कि मांगों को लेकर पूर्व में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपने और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात जैसे चरणबद्ध आंदोलन किए गए थे। मांगें पूरी नहीं होने पर अब उन्होंने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार के कार्यों का बहिष्कार करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है।



संघ ने आरोप लगाया है कि भोपाल से मिशन संचालक द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी दी गई है, जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। हालांकि इस संबंध में विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो 8 जून को भोपाल में मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। साथ ही राज्य कर्मचारी संघ और अन्य संगठनों से भी आंदोलन को समर्थन देने की अपील की गई है।

### सीईओ ने पंचायतों में पहुंचकर आवासों की प्रगति का लिया जायजा

# शीघ्र पूर्ण कराएं आवास कार्य, विलंब होने पर लागत बढ़ने से होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर योजनाओं में प्रगति लाने मंगलवार को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायतों आमाझाल और सगौना का औचक निरीक्षण कर आवास पूर्णता की प्रगति की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत के सचिवों से लक्ष्य एवं आवास पूर्णता की प्रगति की जानकारी ली। बताया गया कि ग्राम पंचायत सगौना में सर्वाधिक कुल अपूर्ण आवास 36 एवं आमझाल में 22, है,जबकि ग्राम महुदा में पांच और कुदरा में 17 आवास अपूर्ण है।

श्री कोरी ने हितग्राहियों से संवाद कर आवास पूर्ण करने हेतु समझाइश दी। हितग्राही रामदयाल ने बताया कि एक वर्ष के अंदर उनके माता और पिता का निधन हो जाने के कारण आवास प्रारंभ नहीं हो सका है। सीईओ श्री कोरी ने दोनों ग्राम पंचायतों के हितग्राही सर्व श्री हरिश्चंद्र गुप्ता, श्रीराम, मुकेश, मनसुख कोल, राजेश भूमिया, जय लाल,प्रकाश रजक, जगत सिंह, जितेंद्र, विशभान ,मूरत सिंह,अमित कुमार, मारकंड, मनोहर सिंह,हितेश सिंह, शिवकुमार नूनेलाल राजेशपुर इंद्रपाल, शिववदन,निरंजन कोल एवं अन्य से अलग-अलग और समूह में चर्चा करते हुए कहा कि आप सभी प्राप्त राशि का सदुपयोग कर यथा शीघ्र आवास पूर्ण कराएं अन्यथा विलंब होने पर सामग्री एवं मजदूरी के मूल्य में वृद्धि होने से लागत बढ़ने से आवास पूर्णता में और अधिक कठिनाई होगी। इसलिए बिना देर किए प्राथमिकता से आवास पूर्ण कराएं।



दुर्गा एवं बाजा जी के गुणवत्तापूर्ण आवास की करी सराहनाजनपद सीईओ श्री कोरी ने सगौना के आवास हितग्राही दुर्गा और बाजाजी द्वारा गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण कराए जाने पर सराहना कर प्रोत्साहित किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायतों के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों को प्रतिदिन आवास पूर्णता हेतु सघन निगरानी एवं हितग्राहियों से संपर्क कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के बीसी अभिषेक भार्गव एवं ग्राम पंचायतों के सचिव रोजगार सहायक मौजूद रहे।

### स्वच्छ सर्वेक्षण के उच्च पायदान पर पहुंचने के लिये किये जा रहे प्रयास

# फीडबैक अभियान, वेस्ट टू आर्ट, स्वच्छ बेकलेन की गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं नागरिक-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता एवं नवाचार आधारित गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। स्वच्छता को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए निगम प्रशासन द्वारा लगातार नागरिक सहभागिता बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे है, जिसके सकारात्मक परिणाम दिखाई देने लगे हैं।

इसी क्रम में नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, बाजार क्षेत्रों एवं प्रमुख स्थानों पर विशेष जनसंपर्क अभियान चलाकर नागरिकों को स्वच्छ सर्वेक्षण की प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है। अभियान के दौरान नागरिकों को क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन फीडबैक दर्ज करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नागरिक स्वच्छता व्यवस्था, कचरा



प्रबंधन, सफाई सेवाओं एवं नगर विकास से जुड़े अपने सुझाव और अनुभव साझा कर रहे हैं, जिससे नगर निगम को सेवाओं में और अधिक सुधार करने में सहायता मिल रही है।

### जन-जागरूकता गतिविधियां

स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यालयों, बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों एवं वार्डों में विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता शपथ, संवाद कार्यक्रम, नुक्कड जागरूकता अभियान तथा नागरिक सहभागिता आधारित गतिविधियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छ शहर निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### "स्वच्छ बेकलेन" अभियान

नगर निगम द्वारा संचालित "स्वच्छ बेकलेन" अभियान भी नागरिकों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। शहर की पिछली गलियों एवं उपेक्षित स्थलों को साफ-सुथरा एवं आकर्षक स्वरूप देकर उन्हें स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के उत्कृष्ट उदाहरणों में परिवर्तित किया जा रहा है। इससे न केवल इन क्षेत्रों की स्वच्छता में सुधार हुआ है, बल्कि आसपास के नागरिकों में भी स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हुई है।

### "वेस्ट टू आर्ट" पहल

वहीं "वेस्ट टू आर्ट" पहल के अंतर्गत अनुपयोगी एवं कबाड़ सामग्री को रचनात्मक कलाकृतियों में परिवर्तित कर शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित किया जा रहा है। कबाड़ से तैयार की गई ये आकर्षक कलाकृतियां पर्यावरण संरक्षण, पुनः उपयोग एवं संसाधनों के बेहतर प्रबंधन का संदेश दे रही हैं। साथ ही शहर के सौंदर्यीकरण में भी महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रही हैं।

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, जन-जागरूकता, सौंदर्यीकरण एवं नागरिक सहभागिता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों को सतत रूप से संचालित किया जा रहा है। निगम प्रशासन का विश्वास है कि जनभागीदारी, नवाचार और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से कटनी स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वच्छ एवं सुंदर शहरों की श्रेणी में अपनी मजबूत पहचान स्थापित करेगा।

# अवैध उत्खनन पर कार्रवाई, हाइवा व जेसीबी किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

### खनिज विभाग द्वारा निवार पहाड़ी क्षेत्र में की गई कार्रवाई

जमीन समतलीकरण की अनुमति की आड़ में मिट्टी के अवैध उत्खनन और परिवहन के मामले में खनिज विभाग ने कार्रवाई करते हुए एक हाइवा और जेसीबी मशीन जब्त कर प्रकरण दर्ज किया है। बताया गया है कि निवार-पहाड़ी स्थित खसरा नंबर 169 की निजी भूमि पर किसान को भूमि समतलीकरण की अनुमति मिली थी, लेकिन शिकायत मिली कि अनुमति का उपयोग रेलवे निर्माण कार्य के लिए मिट्टी बेचने में किया जा रहा है। ग्रामीणों की सूचना पर खनिज विभाग की टीम ने पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की।

जांच के दौरान रेलवे साइडिंग की ओर मिट्टी ले जाते हुए एक हाइवा पकड़ा गया। विभाग ने वाहन को जब्त कर निवार चौकी में खड़ा कराया, जबकि उत्खनन में लगी जेसीबी मशीन को भी मौके से जब्त कर लिया गया।सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा ने बताया कि मामले की जांच जारी है। प्रारंभिक तौर पर नियमों के विपरीत मिट्टी के उत्खनन और परिवहन के तथ्य सामने आए हैं। उत्खनित मिट्टी की मात्रा और देय रॉयल्टी का आकलन किया जा रहा है।खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि भूमि समतलीकरण की अनुमति का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्य से मिट्टी बेचने के लिए नहीं किया जा सकता। जांच पूरी होने के बाद संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### दो प्रकरण में चार हजार रूपये का ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने दमोह जिले अंतर्गत थाना कोतवाली एवं थाना बटियागढ़ के 02 प्रकरण में 04 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री कलादगी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 300/2026 धारा 108,3 (5) भा.न्या.सं. के तहत अरोपी राज ऊर्फ बज्जू कुचबदिया, आरोपी रघुनाथ कुचबंदिया एवं सुशीला कुचबंदिया निवासी दाल मिल के पीछे जबलपुर नाका दमोह पर 01-01 हजार रूपये के मान से 03 हजार रूपये एवं थाना बटियागढ़ के अपराध क्रमांक 314/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अरोपी राजू पिता रामसींग राजपूत उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम बूढ़ा हटा जिला दमोह पर 01 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री कलादगी ने जानकारी दी है कि उक्त प्रकरणों में जो कोई व्यक्ति/कर्मचारी/अधिकारी आरोपियों को गिरफ्तार करेगा या ऐसी उपयुक्त सूचना देगा जिससे फरार आरोपियों की गिरफ्तारी संभव हो सके, ऐसे व्यक्ति को नकद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जायेगा। उक्त ईनाम प्रदान करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक का निर्णय अंतिम मान्य होगा।

### नवीन ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयर हाउस दमोह का त्रैमासिक-निरीक्षण कल

**दमोह।** अपर कलेक्टर एवं उप-जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने बताया भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में नवीन ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयर हाउस दमोह का त्रैमासिक-निरीक्षण 05 जून को प्रातः 10 बजे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रताप नारायण यादव द्वारा किया जायेगा। अपर कलेक्टर एवं उप-जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने राजनैतिक दलों के सचिव, अध्यक्ष से आग्रह किया हैं वे स्वयं उपस्थित होवे अथवा किसी प्राधिकृत प्रतिनिधि/पदाधिकारी को उपस्थित होने का निर्देशित किया जाये।

### लाठी-डंडे से मारपीट करने वाले आरोपी को 1 वर्ष का कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।** कार्यालय जिला अभियोजन संचालनालय, पन्ना के सहा. मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. रोहित गुप्ता, एडीपीओ के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, सहायक उपनिरीक्षक शिवमणी शुक्ला को राजेश लोधी ने राजकिशोर लोधी पिता रामकुमार लोधी निवासी हरीरा द्वारा दिनांक 24.01.2020 को शाम करीब 05:00 बजे लूका हरीरा के बीच मनोज लोधी के घर के पास उसके पिता की मारपीट करने व 108 एम्बुलेंस वाहन से अस्पताल सलेहा लाने की सूचना दी थी, उक्त सूचना को रोजनामचा सान्हा क्रमांक 37 दिनांक 24.01.2020 समय 19:26 बजे पर दर्ज कर पीएचसी सलेहा में डॉक्टर नहीं होने से आहत नत्थू लोधी पिता विश्वनाथ लोधी उम्र 64 वर्ष निवासी हरीरा की एमएलसी जिला अस्पताल पन्ना से कराई गई।

### नगर के शिव शक्ति मंदिर प्रांगण में विधायक परिवार द्वारा कराया जा रहा भव्य आयोजन

# श्रीमद् देवी भागवतम एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा का होगा भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर के शिव शक्ति दुर्गा मंदिर प्रांगण में आगामी 20 जून से 28 जून तक नौ दिवसीय श्रीमद् भागवतम कथा एवं शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन जै जै सरकार की असीम कृपा एवं पूजनीय छोटे सरकार के निर्देशन में आयोजित होने जा रहा है जिसकी तैयारियों हेतु बुधवार को मंदिर प्रांगण में बैठक का आयोजन छोटे सरकार के मुख्य आतिथ्य में विधायक उमादेवी खटीक व नगर के मुख्य गणमान्यजनों की उपस्थिति में आयोजित की गई जिसमें उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम को भव्य बनाने अपने-अपने सुझाव दिए।

बैठक के दौरान विधायक निज सचिव जितेंद्र प्यासी ने कार्यक्रम के बारे में बताया कि यह नौ दिवसीय कार्यक्रम विधायक के देवर गिरीश खटीक के नेतृत्व में सभी के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है जिसका शुभारंभ 20 जून से नगर में भव्य शोभायात्रा के साथ श्रीमद् देवी भागवतम कथा पुराण के साथ किया जावेगा। जिसमें कथावाचक जगद्गुरु श्री- अग्रमलूक पीठाधीश्वर श्री राजेन्द्र दास जी महाराज के कृपापात्र व्याकारणाचार्य तन्त्रज्ञ श्रीगुरुचरण दास जी महाराज की अमृतवाणी वाणी से शाम 4:30 बजे से कथा श्रवण कराई जावेगी। वहीं लक्ष्यार्चन 23, 24, 25 जून रात्रि 8 बजे से किया जावेगा एवं मंदिर में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा 27 जून शनिवार को की जावेगी।

### भजन संध्या का कार्यक्रम

बैठक में संचालन कर रहे पंडित अजीत अवस्थी ने बताया कि देवी भागवत के अलावा रात्रि कालीन में भजन संध्या कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जावेगा जिसमें 22 जून को स्थानीय कलाकार, 26 जून- जितेंद्र खरे (बादल) 27 जून - मनीष अग्रवाल (जबलपुर), 28 जून- नंदू भैया (कटनी), 29 जून - शहनाज अख्तर द्वारा अपनी कोकली आवाज से भजनों की प्रस्तुति देंगी।

बैठक में उपस्थित पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल, राजीव मोहन पांडे डॉक्टर सीएल नेमा, डॉ मनोज तिवारी, मनीष शर्मा सौरभ नेमा सहित अन्य लोगों ने कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए एवं बैठक में बताया गया कि शोभायात्रा का शुभारंभ मां चंडी जी मंदिर प्रांगण से किया जाएगा जो रतन बजरिया से होते हुए बड़ा बाजार मंदिर मस्जिद चौराहा राय चौराहा से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी जहां पूजन अर्चन उपरांत कथा का शुभारंभ होगा। बैठक में कार्यक्रम की अलग-अलग व्यवस्थाओं हेतु समितियों का गठन करने की बात कही गई ताकि सभी लोग अपनी जिम्मेदारी निभा सके। बैठक के दौरान कार्यक्रम के मुख्य आयोजक गिरीश खटीक ने नगरवासियों से समाजसेवियों सभी नागरिकों सहयोग करने की अपील की वही विधायक उमादेवी लालचंद खटीक ने बताया कि कार्यक्रम को आप सभी के सहयोग से भव्य व सफल होगा उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश और देश के महान साधु संतों के अलावा जिले के मंत्री कलेक्टर एसपी सहित तमाम नेताओं की उपस्थिति होगी जिसमें आप सभी नगरवासी क्षेत्रवासी आमंत्रित हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से बालाजी सरकार मंदिर महंत श्री हरिराम दास जी महाराज, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पंडित महेश पुरानी, राजीव मोहन पांडे, पंडित लक्ष्मीप्रसाद शास्त्री, पंडित सुरेश पांडे, सोमल सिंह हजारी, सौरभ नेमा, असाटी समाज के अध्यक्ष श्री जागे असाटी, साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर साहू, सुरेंद्र अग्रवाल, सुनील राय, बृजेंद्र सिंह राजपूत, सोनी समाज के अध्यक्ष रवि सोनी, प्रकाश गर्ग, श्रीकांत तिवारी, आवेश बडगैया, कमलेश नायक, प्रजापति समाज के अध्यक्ष घनश्याम प्रजापति, कैलाश बाबा, लालचंद खटीक, हरि खटीक के अलावा सैकड़ो लोगों की उपस्थिति रही। आभार मनीष पुष्पराज शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया।

# लावारिस पड़े बेरिकेड्स से बढ़ रही परेशानी, जिम्मेदार विभाग बेखबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



नगर एवं आसपास के क्षेत्र में विभिन्न मार्गों पर कई महीनों से बेरिकेड्स लावारिस हालत में पड़े हुए हैं। खकरिया रोड, हाईस्कूल मार्ग तथा 27 मील दमोह मार्ग सहित अनेक सड़कों पर पड़े ये बेरिकेड्स राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। इसके बावजूद संबंधित विभागों द्वारा इन्हें हटाने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार सड़क किनारे और कई स्थानों पर मार्ग के बीच में पड़े बेरिकेड्स दुर्घटनाओं को खुला निमंत्रण दे रहे हैं। विशेषकर रात के समय वाहन चालकों को इन अवरोधों के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार छोटे-बड़े वाहन चालक असंतुलित होकर दुर्घटना का शिकार होने से बाल-बाल बचे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह बेरिकेड्स पुलिस विभाग एवं लोक निर्माण विभाग से संबंधित हैं, लेकिन दोनों विभागों में से कोई भी इन्हें हटाने की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं दिख रहा है। परिणाम स्वरूप समस्या लगातार बनी हुई है और आमजन परेशान हो रहे हैं। नागरिकों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि तेंदूखेड़ा नगर एवं क्षेत्र का कोई धनी-धोरी नहीं है। जनहित से जुड़े ऐसे गंभीर मामलों पर न तो संबंधित विभाग ध्यान दे रहे हैं और न ही जिम्मेदार अधिकारी समस्या के समाधान के लिए आगे आ रहे हैं। इससे लोगों में प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति असंतोष बढ़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मार्गों पर लावारिस पड़े बेरिकेड्स को तत्काल हटाया जाए तथा संबंधित विभागों की जवाबदेही तय की जाए। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होगी। इस संबंध में जब लोक निर्माण विभाग की एसडीओ मनीषा मोगनिया को फोन लगाया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## संस्कार भवन में मासिक सुंदरकांड का भव्य आयोजन

**दमोह।** पुरुषोत्तम माह के पावन पर्व पर संस्कार भवन में श्रीमती अंजलि भावेश असाटी (भुवानी प्रसाद असाटी) द्वारा मासिक सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया.कार्यक्रम का शुभारंभ राम दरबार की पूजा-अर्चना के साथ हुआ. इसके बाद सुंदरकांड का सुमधुर गान किया गया. आयोजन में समाज के पदाधिकारी गण, संरक्षक मंडल, मार्गदर्शक मंडल के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.सभी ने मिलकर भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया. सामूहिक आरती के बाद पुरुषोत्तम माह की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए सुंदर भजनों का गायन किया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक श्रीमती अंजलि भावेश असाटी द्वारा सभी बहनों को प्रसाद वितरित कर जलपान कराया गया और आयोजन का सफल समापन हुआ।

## भगवती मानव कल्याण संगठन ने फिर पकड़वाई अवैध शराब



**जबेरा।** जबेरा के नजदीकी ग्राम कलहेरा खेड़ा बस स्टैंड पर एक बार फिर हुईं अवैध शराब जप्त प्राप्त जानकारी के अनुसार जबेरा थाना के अंतर्गत कलेरा बस स्टैंड पर दिनांक 3/ 6 /2026 को सुबह 9:00 बजे दो आरोपियों के द्वारा मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स के माध्यम से शराब का परिवहन किया जा रहा था जैसे ही शराब माफियाओं की नजर संगठन के कार्यकर्ताओं पर पढ़ते ही दोनों आरोपी मोटरसाइकिल मय शराब के छोड़कर के भाग निकले। की सूचना संगठन के कार्यकर्ताओं ने मोबाइल के द्वारा जबेरा पुलिस को दी। तत्काल ही जबेरा पुलिस मौके पर पहुंची एवं दो पेटी अवैध शराब जप्त की गई। ए एस आई अशोक सिंह ठाकुर के द्वारा शराब जप्त की कार्रवाई की गई। लगातार ही संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा अवैध शराब के खिलाफ मोहम छेड़कर शराब को जप्त करवाया जा रहा है संगठन के लोगों ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय से मांग की है कि दमोह जिला प्रशासन के द्वारा तत्काल ही शक्ति पूर्वक अवैध शराब के कारोबार को बंद कराया जाए और जिस ठेकेदार के दुकान से शराब निकलती है उस पर भी कार्रवाई की जाए।

## भगवान की भक्ति से संतान धर्ममय होती है

**दमोह।** दमोह के पास ग्राम भौरासा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा तृतीय दिवस की कथा में व्यास किशोरी निधि गर्ग , ने कहा कि 84 लाख योनि के पश्चात हम मनुष्य बने हम मनु महाराज की संतान है दुर्लभो मनुष्यों देहि देहि नाय क्षणभंगुरः। संसार में आकर मनु महाराज के तरह हमें भजन करना है जिसे भगवान से हमारा संबंध बन जाए महाराज मनु ने भगवान को पुत्र बना लिया था ये शरीर में तप करने को मिला बात तो तब है जब भगवान खुद आकर की पूछे की भक्त क्या चाहिए, महाराज मनु ने भगवान को ही पुत्र रूप में मांगा था। सांसारिक वस्तुएं हमने पहले से ही निर्धारित है संसार से हमें नाम करके जाना है केहि जग के कल ना खाए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने कथा में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित किया।

## कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ



**बनवार।** ग्राम बम्होरी में धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है, जहां भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। गांव की महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर पूरे क्षेत्र में मंगल गीतों और जयघोष के साथ शोभायात्रा निकाली, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। कथा के द्वितीय दिवस पर कथा वाचक आशीष कृष्णचरणानुरागी आशीष महाराज ने श्रीमद् भागवत के मार्मिक प्रसंगों का रसपान कराया। उन्होंने माता कुंती के जीवन से जुड़ा वह अद्भुत प्रसंग सुनाया, जिसमें कुंती भगवान श्रीकृष्ण से दुख मांगती हैं। इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। महाराज ने बताया कि माता कुंती ने भगवान से प्रार्थना की थी कि उन्हें जीवन में कष्ट मिलते रहें, क्योंकि दुख के समय ही मनुष्य सच्चे भाव से भगवान का स्मरण करता है। सुख में व्यक्ति अक्सर भगवान को भूल जाता है, जबकि दुख उसे प्रभु के और अधिक निकट ले जाता है। यही कारण है कि कुंती ने दुखों को ही अपने जीवन का आशीर्वाद माना। कथा के दौरान महाराज ने श्रद्धालुओं को जीवन में भक्ति, धैर्य और विश्वास बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान का स्मरण हर परिस्थिति में करना चाहिए, तभी जीवन सफल होता है। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे श्रद्धा भाव से कथा का श्रवण किया। पूरे गांव में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## महिला महासभा की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने की 57 वीं महाआरती



**दमोह।** अग्रवाल समाज दमोह के द्वारा प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में महाराजा अग्रसेन की महा आरती का आयोजन किया जाता है जिसके क्रम में 57 वीं महा आरती का आयोजन किया गया। पंडित गोपाल जी के नेतृत्व में सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश माता लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन का पूजन अर्चन किया गया जिसके बाद महा आरती का आयोजन किया गया। प्रसाद वितरण किया गया वहीं महासभा प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल द्वारा दमोह की रमा अशोक अग्रवाल को मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर सभी ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की। इस बार आरती की जजमानी भी उन्हीं के द्वारा की गई आरती में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष रवि शंकर अग्रवाल, केदार अग्रवाल, प्रभु नारायण अग्रवाल, एडवोकेट विनोद अग्रवाल, विजय अग्रवाल, अनिमेष अग्रवाल, टिल्लू विनोद, स्नेह, अंजलि, प्रमिला सारिका, दीप्ति, बबीता, नीतू अनीता, प्रीति रानी, शिल्पी परी सहित महिला पुरुष व बच्चों की उपस्थिति रही।

## सैलवाडा में श्रीमद्भागवत पुराण कथा का हुआ भव्य समापन

**तेंदूखेड़ा।** ग्राम सैलवाडा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत पुराण कथा का समापन धार्मिक एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। कथा के अंतिम दिवस श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। समापन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक हवन-पूजन किया गया तथा पूर्णाहुति अर्पित कर कथा का समापन किया गया। कथा वाचक द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण के आध्यात्मिक एवं नैतिक संदेशों का विस्तार से वर्णन किया गया, जिससे श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति एवं सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्राप्त हुई। हवन एवं पूर्णाहुति के दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा समापन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम सैलवाडा सहित आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन समिति के सदस्यों एवं ग्रामवासियों ने भंडारे की व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने इसे अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक धार्मिक आयोजन बताया। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगकर्ताओं एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**दमोह।** शहर के असाटी वार्ड नंबर 1 संस्कार भवन में असाटी महिला समिति दमोह द्वारा आयोजित मासिक सुंदरकांड पाठ में पुरुषोत्तम माह के पावन पर्व पर श्रीमती अंजलि भावेश असाटी (भुवानी प्रसाद असाटी) ने भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें राम दरबार की पूजा करके सुंदरकांड पाठ का गान किया गया, एवं समस्त पदाधिकारी गण संरक्षक मंडल मार्गदर्शक मंडल के सभी सदस्यों के साथ-साथ असाटी समाज की अधिक संख्या में बहनों की भरपूर उपस्थित रही। साथ ही सभी बहनों ने मिलकर पूरे उत्साह के साथ भव्यता प्रदान की, इसके बाद सामूहिक आरती के साथ सभी ने पुरुषोत्तम माह की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए सुंदर-सुंदर भजनों का गायन किया और प्रसाद वितरित किया

## कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत हुई मंडलम स्तरीय बैठक

**तेंदूखेड़ा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत आज तेंदूखेड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 4 एवं वार्ड क्रमांक 9 में मंडलम स्तर पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए गठित की गई



ग्राम पंचायत एवं नगर वार्ड स्तरीय समितियों का भौतिक सत्यापन करना था। अभियान के तहत कांग्रेस द्वारा तैयार की गई समितियों में दर्ज सदस्यों की वास्तविक उपस्थिति एवं सक्रियता की जांच की जा रही है, ताकि संगठन की जमीनी स्थिति का सही आकलन किया जा सके। इस दौरान समिति सदस्यों से संवाद स्थापित कर संगठन को मजबूत बनाने तथा आगामी गतिविधियों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई। बैठक में जबेरा विधानसभा प्रभारी रमाकांत यादव ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता पर निर्भर करती है। संगठन सृजन अभियान के माध्यम से कांग्रेस प्रत्येक गांव और वार्ड स्तर तक अपनी पहुंच को सशक्त बना रही है। पूर्व विधायक प्रताप सिंह लोधी ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने एवं जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सह प्रभारी रवि सोनी, जिला सदस्य रजनी ठाकुर, रामकुमार साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष निलेश यादव, विधानसभा विभाग कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकांत पोरते, रतनलाल साहू, अधिवक्ता शोभाराम नामदेव, शुऐब खान, दिलीप बागवार, रामकृष्ण मालवीय, नेमचंद जैन, जमुना प्रसाद यादव सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे। बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही, जिससे संगठन के प्रति कार्यकर्ताओं का उत्साह एवं प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से देखने को मिली। वक्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।

## भागवत कथा में सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाया

**हिंडोरिया।** समीपस्थ ग्राम विलतरा मे चल रही श्री मन भागवत कथा के सातवें एवं अंतिम दिन मुख्य रूप से सुदामा चरित्र और पारीक्षित मोक्ष का वर्णन किया गया। कथा वाचक पंडित कृष्णकांत गौतम ने कहा कि हमें सदा भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा, प्रेमभाव और निष्ठा रखनी चाहिए। साथ ही हमें बुरी संगतों से, नकारात्मक भावना से



दूर रहना चाहिए। तभी हमारा जीवन सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ेगा! कथा का उद्देश्य केवल यह नहीं कि दान-पुण्य हो गया या धार्मिक कार्यक्रम कर दिया बल्कि कथा सुनना और सुनाने का उद्देश्य यही है कि हमारे जीवन में अच्छे विचार, अच्छी संगत, और अच्छे संस्कार एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचें। जिन लोगो का मन निर्मल होता है उन पर भगवान की कृपा हमेंशा बनी रहती है। उन्होंने कहा कि जीवन में धन दौलत, यौवन सब कुछ नश्वर है। सिर्फ परोपकार से कमाया गया यश ही स्थाई रहता है। इसलिए हम अपने जीवन में परोपकार को अपनाए और मानवता की सेवा करे। उन्होंने आगे कृष्ण सुदामा की सच्ची मित्रता का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सुदामा भगवान श्री कृष्ण के परम भक्त एवं मित्र थे। जो भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। सुदामा जी गरीब होने के बावजूद भी बे सदैव भगवान के ध्यान में लीन रहते थे। उनकी पत्नी सुशीला के बार बार आग्रह पर बे द्वारिका पहुंचे। द्वारपालों द्वारा सूचना मिलने पर भगवान कृष्ण नंगे पैर दौड़कर आए। और अपने मित्र को गले से लगा लिया। कृष्ण ने सुदामा की दीन दशा देखकर उनके आसूं बहने लगे। उन्होंने उन्हें सिंहासन पर बिठाकर उनके चरण धोए। सभी पट-रानियों ने भी सुदामा जी से आशीर्वाद लिया। कुछ समय बाद विदा होकर लौटने पर उन्होंने अपनी कुटिया के स्थान पर महल बनाया। प्रसंग में बताया कि सुखदेव जी ने राजा पारीक्षित को 7 दिन श्रीमद् भागवत कथा सुनाई इस कथा के श्रवण से उनके मन से मृत्यु का भय समाप्त हो गया। और कथा के प्रभाव से वे भगवान के परमधाम को प्राप्त हुए। उक्त अवसर पर मुख्य यजमान सरपंच सरोज बाई चौबे,राजेश चौबे,कमलेश,महेश चौबे,कमोद सिंह,कलूसिह,बद्री सिंह लोधी,सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# यज्ञ ही दशावतारों का जनक : श्री भगवान वेदांताचार्य

### मातृनिलया की सृष्टि-स्वरूप है विष्णु का प्रेम : श्री भगवान



विशाल हृदय में धारण की हुई सृष्टि, यज्ञ के प्रत्येक अंग में समाहित है। विष्णु के दशावतार उसी दिव्य कारण के प्रतीक हैं, जिनमें सनातन परंपरा गतिशील है और जो "चरैवेति-चरैवेति" के सिद्धांत का पोषण करती है। यज्ञ केवल वैदिक कर्मकाण्ड नहीं, अपितु सृष्टि का मूल श्वास है। वेद उद्घोष करते हैं— "यज्ञो वै विष्णुः", अर्थात यज्ञ ही भगवान विष्णु का साक्षात स्वरूप है। जिस प्रकार शरीर के अंगों से जीवन प्रवाहित होता है, उसी प्रकार यज्ञ के अंगों में समस्त सृष्टि स्पंदित रहती है। आहुति में अग्नि, मंत्रों में देवता, संकल्प में मनुष्य और फल में लोककल्याण निहित है। जब यह यज्ञ-चक्र संतुलित रहता है, तब प्रकृति, समाज और चेतना में सामंजस्य बना रहता है।

यह कथन श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक जी महाराज का है, जिनके सान्निध्य में अति विष्णु मनोकामना यज्ञ एवं विष्णु महापुराण कथा का आयोजन चल रहा है। वैदिक दर्शन की विवेचना करते हुए उन्होंने कहा कि जब अधर्म, अहंकार और स्वार्थ इस चक्र को बाधित करते हैं, तब सृष्टि की धुरी डगमगाने लगती है। उसी क्षण करुणा के महासागर भगवान विष्णु अवतार धारण कर यज्ञरूपी व्यवस्था को पुनः स्थिर करते हैं।

दशावतार इसी यज्ञ-संरक्षण की दिव्य यात्रा हैं। मत्स्य अवतार में उन्होंने प्रलय की अराजक लहरों से वेदों की रक्षा कर ज्ञान-यज्ञ को सुरक्षित किया। कूर्म अवतार बनकर समुद्र-मंथन रूपी महायज्ञ को आधार प्रदान किया। वराह अवतार द्वारा पृथ्वी को अधर्म के गर्त से निकालकर कर्मभूमि को पुनः प्रतिष्ठित किया गया। नृसिंह रूप में भक्तिरूपी यज्ञ की रक्षा हुई, जहाँ न नियम खंडित हुए और न वचन; केवल धर्म की विजय हुई।

वामन अवतार ने दैत्यराज बलि के माध्यम से दान, त्याग और मर्यादा का यज्ञ संपन्न कराया। परशुराम ने अत्याचार से पीड़ित पृथ्वी का शुद्धिकरण किया। श्रीराम अवतार में मर्यादा, त्याग और आदर्श शासन का यज्ञ प्रज्वलित हुआ, जबकि श्रीकृष्ण ने गीता के अमृत वचनों द्वारा कर्म, ज्ञान और भक्ति का महासंयोग स्थापित किया। बुद्ध अवतार में करुणा का दीप प्रज्वलित हुआ और अंततः कल्कि अवतार अधर्म के तमस को चीरकर धर्म के नवप्रभात का उद्घोष करेंगे।

इन अवतारों का लक्ष्य भिन्न प्रतीत होता है, किंतु उनका अंतःस्रोत एक ही है सृष्टि के यज्ञ की रक्षा। जब मानव स्वार्थ में डूबकर अपने कर्तव्य को भूल जाता है, तब अवतार उसे स्मरण कराते हैं कि जीवन स्वयं एक यज्ञ है और प्रत्येक कर्म उसकी आहुति। आज के युग में भी यही संदेश प्रासंगिक है कि यज्ञ केवल अग्निकुण्ड तक सीमित नहीं, बल्कि सेवा, संयम, सत्य और समर्पण से युक्त जीवन-पद्धति है। जब मानव अपने आचरण को यज्ञभाव से जीता है, तभी विष्णु-तत्त्व जागृत होता है और सृष्टि पुनः संतुलन की ओर अग्रसर होती है।

कार्यक्रम में मानस पंचानंन श्री राकेश चतुर्वेदी 'लाला जी' महाराज ने प्रवचन-माला की प्रथम श्रृंखला में अपने विचार व्यक्त किए। वहीं हरिआचार्य जी ने रामायण पर सारगर्भित वक्तव्य दिया। इस अवसर पर सुरेश चन्द्र शुक्ल (पप्पू गुरुजी), यज्ञाचार्य विकेश जी, डॉ. अंजनी कुमार मिश्र सहित सचिव वेद प्रकाश पाठक तथा यज्ञ आयोजन सेवा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

**खास बातें**

### 15 जून मंदिर गर्भगृह में प्रवेश निषेध रहेगा

**दमोह।** आगामी 15 जून सोमवार द्वितीय ज्येष्ठ पुरुषोत्तम मास की सोमवती अमावस्या है जिसमें दर्शनार्थियों के भारी संख्या में बांदकपुर पहुंचने की संभावना को देखते हुए मंदिर गर्भगृह में प्रवेश निषेध रहेगा , बाहर से ही जल चढ़ाने एवं दर्शन की व्यवस्था रहेगी।

### कानूनविद् अनूप नायर आज आयेंगे दमोह

**दमोह।** मध्य प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य एवं कानूनविद् श्री अनूप नायर 4 जून को दमोह प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री नायर अपराह्न 12:30 बजे सागर से दमोह के लिए प्रस्थान करेंगे तथा अपराह्न 2:30 बजे दमोह पहुंचेंगे। इसके उपरांत वे अपराह्न 3:30 बजे आयोजित जन परामर्शी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। जन परामर्शी बैठक के समापन के बाद श्री नायर अपराह्न 5:30 बजे दमोह से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### युवक ने जहर खाया हालत गंभीर

**दमोह।** अज्ञात कारणों के चलते 18 वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में परिजन उसे इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अन्नु पिता गोपाल पटेल उम्र करीब 18 वर्ष, निवासी सलैया हटरी थाना तेजगढ़ का रहने वाला था. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया है।

कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी- कलेक्टर

## कलेक्टर ने देशी अंग्रेजी कम्पोजिट शराब दुकान, दमोह डी का लाइसेंस किया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने दमोह स्थित एक शराब दुकान पर बड़ी कार्रवाई की है। लगातार प्राप्त शिकायतों और निरीक्षण में पाई गई गंभीर अनियमितताओं के आरोप पर संबंधित दुकान का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि लगातार ऐसी शिकायतें प्राप्त हो रही थीं, जिनमें शराब दुकानों द्वारा अनियमितताएं, अवैध विक्रय और निर्धारित दरों से अधिक कीमत पर शराब बेचने की जानकारी दी जा रही थी। उन्होंने कहा विभागीय अधिकारियों को जांच एवं कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे, लेकिन संतोषजनक परिणाम नहीं मिलने पर उन्होंने स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संबंधित शराब दुकान को एक अन्य स्थान के लिए लाइसेंस जारी किया गया था, जबकि संचालन किसी दूसरे स्थान पर किया जा रहा था। जिस स्थान पर दुकान संचालित हो रही थी, वहां का कोई वैध लाइसेंस उपलब्ध नहीं था। कलेक्टर ने कहा जांच में यह भी सामने आया कि शराब निर्धारित दरों से अधिक मूल्य पर बेची जा रही थी। दुकान पर लगाया गया साइन बोर्ड भी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं था और आवश्यक अभिलेख एवं दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं पाए गए। इस प्रकार गंभीर अनियमितताएं सामने आने के आरोप पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दुकान का लाइसेंस निरस्त कर दिया। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि इस कार्रवाई का उद्देश्य आमजन का प्रशासन पर विश्वास बनाए रखना है तथा यह संदेश देना है कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिले के सभी अनुज्ञप्तिधारियों से शासन के नियमों एवं निर्देशों का पालन करने की अपील करते हुए चेतावनी दी कि नियमों के उल्लंघन की स्थिति में कभी भी निरीक्षण कर कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव से अवैध शराब बिक्री और अधिक कीमत वसूलने की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं। युवाओं को सुरक्षित एवं सकारात्मक दिशा प्रदान करने तथा समाजहित को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा यह सख्त कदम उठाया गया है।

कलेक्टर-एसपी को ज्ञापनः भ्रामक खबरों पर कार्रवाई और नाले की सफाई की मांग

## बांदकपुर कॉरिडोर निर्माण को लेकर व्यापारियों व लोगों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

श्री देव जागेश्वर नाथ बांदकपुर में कॉरिडोर निर्माण को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाने, दमादी मोहल्ला के खसरा क्रमांक 114 व 115 का पट्टा प्रदाय करने तथा नाले की सफाई को लेकर बुधवार को बांदकपुर के व्यापारी और निवासियों ने कलेक्ट्रेट व एसपी कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी की। बांदकपुर में शंकर गौतम और राम गौतम पर आरोप भी लगाए गए.करीब 50 से अधिक लोगों ने डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति और एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद व्यापारी व निवासियों ने कलेक्टर प्रताप नारायण यादव व एसपी आनंद कलादगि से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन देने वालों में व्यापारी राम शुक्ला, योगेश बाजपेई, सुनील डब्लुया, सीतू पंडा, बृजेश ठाकुर, गुलशन पाठक, सौरभ चौबे, लालचंद राय, अशोक, कमलेश, बल्लू नेमा, अनुराग नेमा, महेश सेन, शिवकुमार, हरिशंकर तिवारी, सीताराम लखेरा, मोहन, हरिदास, गणेश, लल्लू समेत अन्य लोग शामिल रहे.कलेक्टर और एसपी ने व्यापारियों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## कोतवाली पुलिस ने तीन किलो गांजा के साथ आरोपी को पकड़ा



**दमोह।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 किलो अवैध गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त किए गए गांजे की कीमत लगभग 45 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1000 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर 2 जून को बस स्टैंड क्षेत्र में कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने अनूप कुमार जैन (58 वर्ष), निवासी ग्राम सगरा, थाना नोहटा, जिला दमोह को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 3 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 45 हजार रुपये है। साथ ही 1000 रुपये नकद भी जब्त किए गए। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 523/26 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के अंतर्गत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सहित उपनिरीक्षक अलजार सिंह, प्रधान आरक्षक घासीराम, कलीम खान, सूर्यकांत, संजय पाठक, कल्याण रायवर तथा आरक्षक नवल यादव, कृष्ण कुमार, रानू राय, नवीन सहित अन्य पुलिसकर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

## विश्व गायत्री परिवार ने की सौजन्य भेंट




**दमोह।** अखिल विश्व गायत्री परिवार दमोह के प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर प्रताप नारायण यादव से सौजन्य भेंट की। जिसमें नवनिर्वाचित जिला समन्वयक डी.पी बोहरे, गायत्री प्रज्ञा पीठ बडी देवी के सदस्य अनूप श्रीवास्तव, प्रद्युम्म सिंह, मुकेश नामदेव, अरविन्द हजारी, रमाकांत त्रिवेदी की उपस्थिति रही।

सिर्फ एक नियमित, 14 अतिथिः शैक्षणिक गुणवत्ता में गिरावट

## जबेरा के सरकारी कॉलेज में नियमित सहायक प्राध्यापकों की मांगः एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



**दमोह।** जिले के शासकीय महाविद्यालय जबेरा में नियमित सहायक प्राध्यापकों की पदस्थापना एवं डिप्लॉय समाप्त किए जाने की मांग को लेकर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शुभम तिवारी ने उच्च शिक्षा मंत्री के नाम एक ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर दिया। ज्ञापन में महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं पर गंभीर प्रभाव पड़ने की बात कही गई। उल्लेख किया गया कि शासकीय महाविद्यालय जबेरा वर्तमान में 14 अतिथि विद्वानों के भरोसे चल रहा है, जबकि नियमित रूप से केवल एक सहायक प्राध्यापक पदस्थ हैं। वहीं दो सहायक प्राध्यापक लंबे समय से डिप्लॉय पर होने के कारण विद्यार्थियों को नियमित शैक्षणिक मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा है। शुभम तिवारी ने बताया कि नियमित सहायक प्राध्यापकों की कमी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई, परीक्षा संबंधी गतिविधियां, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य सहशैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। अतिथि विद्वानों पर अत्यधिक निर्भरता के कारण महाविद्यालय का समग्र शैक्षणिक वातावरण भी कमजोर पड़ता जा रहा है और गुणवत्ता में गिरावट महसूस की जा रही है।उन्होंने कहा कि जबेरा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बड़ी संख्या में विद्यार्थी इसी महाविद्यालय पर निर्भर हैं। ऐसे में नियमित सहायक प्राध्यापकों की पर्याप्त पदस्थापना और डिप्लॉय समाप्त किया जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। तहसील और ग्रामीण अंचलों में पदस्थ नियमित सहायक प्राध्यापक, कुछ समय बाद ट्रांसफर अथवा अन्य कारणों से चले जाते हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्र की उच्च शिक्षा व्यवस्था और विकास प्रभावित होता है। एनएसयूआई ने महाविद्यालय में शीघ्र नियमित सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति किए जाने की मांग की।इस मौके पर जिला अध्यक्ष शुभम तिवारी,ऋषभ सेन , गौरव अवस्थी, साहिल अटवाल, शिवम सोनी, नारायण पटेल, अनिकेत दुबे शामिल रहे।

## एसपी की मौजूदगी में चलाया विशेष यातायात चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगि के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में दमोह शहर में यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने तथा शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने हेतु विशेष यातायात चेकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि स्वयं सड़कों पर उतरकर चेकिंग अभियान में शामिल हुए एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। उनके द्वारा नागरिकों से सुरक्षित वाहन संचालन एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की गई। यातायात पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर सघन वाहन चेकिंग की गई। इस दौरान 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा वाहन चलाने, मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही वाहन चालकों एवं आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए हेलमेट के महत्व की जानकारी दी गई तथा हेलमेट का नियमित उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान कई वाहन चालकों को हेलमेट वितरित कर सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक किया गया। दमोह पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें तथा दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करें।

## घायल वन्यजीव के लिए सहारा बनी डायल-112



**दमोह ।** थाना जबेरा क्षेत्र के सिंग्रामपुर जंगल में एक घायल हिरण मिलने की सूचना पर डायल-112 एफआरवी-21 द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए वन विभाग के सहयोग से हिरण का उपचार कराया गया तथा उसे सुरक्षित रूप से वन विभाग के सुपुर्द किया गया। उक्त सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में सूचना प्राप्त होते ही दमोह डायल-112 कंट्रोल रूम में पदस्थ आरक्षक राकेश रैकवार द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना जबेरा में तैनात एफआरवी-21 को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। आरक्षक उवेश खान एवं पायलट विनय नायक तत्काल मौके पर पहुंचे, जहां एक हिरण घायल अवस्था में पड़ा हुआ मिला। टीम द्वारा संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल वन विभाग को सूचना दी गई। वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर घायल हिरण का उपचार कराया गया। उपचार के उपरांत हिरण को अग्रिम आवश्यक कार्रवाई हेतु सुरक्षित रूप से वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया।

## विशाल भंडारे के साथ कथा का हुआ समापन



दमोह। शहर के अपने समय के ख्याति लब्ध शिक्षक स्व पी एम श्रीवास्तव एवं स्व श्रीमति सत्यभामा श्रीवास्तव की स्मृति में उनके पुत्र श्री किशोर श्रीवास्तव एवं परिवार द्वारा लोको वार्ड में आयोजित श्री मद भागवत कथा का सप्तदिवसीय पाठ हर्ष उल्लास के भक्तिमय वातावरण में विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगो ने शामिल होकर धर्मलाभ अर्जित किया।

## अवैध शराब, उत्खनन एवं पत्रकारों के साथ मारपीट के मुद्दों को लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जबेरा विधानसभा क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार, अवैध उत्खनन, ग्राम पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं पत्रकारों के साथ हो रही मारपीट की घटनाओं के विरोध में भगवती मानव कल्याण संगठन ने बुधवार को जबेरा तहसील पहुंचकर एसडीएम छोटे गिरी गोस्वामी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में भगवती मानव कल्याण संगठन ने मांग करते हुए कहा है कि क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार खुले रूप से संचालित होने संबंधी शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही है जिससे सामाजिक वातावरण दूषित हो रहा है और युवा पीढ़ी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही विभिन्न ग्राम पंचायतों में अवैध उत्खनन किए जाने एवं पंचायत कार्यों में नियमों के विपरीत मशीनों के माध्यम से कार्य किए जाने की शिकायतें भी गंभीर चिंता का विषय है इससे शासन के राजस्व को नुकसान पहुंचाने एवं ग्राम पंचायत व्यवस्था की पारदर्शिता पर प्रश्न चिन्ह लगने की स्थिति निर्मित हो रही है। इसी तरह क्षेत्र में हो रही अवैध गतिविधियों के विरुद्ध यदि कोई अधिकारी प्रभावी कार्यवाही करने का प्रयास करता है तो उस पर विभिन्न प्रकार के दबाव बनाए जाने एवं स्थानांतरण जैसी परिस्थितियां उत्पन्न होने की बात सामने आती है यदि ऐसे मामले सत्य पाए जाते हैं तो यह प्रशासनिक निष्पक्षता एवं सुशासन की भावना के विपरीत है। इसी प्रकार पत्रकारों के साथ गुंडा माफिया तत्वों द्वारा मारपीट धमकी एवं भय का वातावरण निर्मित किए जाने की घटनाएं लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला है जिसे किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जाए। ज्ञापन में करते हुए कहा है कि जनहित एवं क्षेत्र की कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए उक्त विषयों पर गंभीरता पूर्वक संज्ञान लेकर तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जाए। कार्यवाही न होने की स्थिति में भगवती मानव कल्याण संगठन के द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस दौरान भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष डॉ सुजान सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार निरंतर बढ़ता जा रहा है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का माहौल खराब हो रहा है छोटे-छोटे बच्चे शराब के आदी हो रहे हैं। साथ ही क्षेत्र में अवैध उत्खनन बेरोकटोक किया जा रहा है अगर कोई अधिकारी इसके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करता है तो उसका स्थानांतरण करवा दिया जाता है। इसी तरह क्षेत्र में अराजकता का माहौल है पत्रकारों के साथ मारपीट की जा रही है धमकियां दी जा रही है और भय का वातावरण निर्मित किया जा रहा है इन सभी मुद्दों को लेकर आज भगवती मानव कल्याण संगठन ने एसडीएम महोदय को ज्ञापन सौंपकर मुक्त मांगों को लेकर शीघ्र कार्यवाही किए जाने की मांगी है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मुकेश तोमर, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश अहिरवार, सुखदेव सिंह लोधी सहित अनेकों भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्य मौजूद रहे।

## किन्द्रहों में पेड़ की टहनी से लटका शव परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया



थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत किन्द्रहो में विगत दिवस सुबह उस वक्त गहमा गहमी का माहौल बन गया जब पेड़ की टहनी से लटका एक युवक का शव मिला,युवक के सब की पहचान इस्माइल खान पिता कोमल खान उम्र 50 वर्ष निवासी किन्द्रहों बताई गई। वहीं समस्त घटना की जानकारी मृतक के परिजनों ने पथरिया पुलिस को थाने जाकर दी उसके उपरांत पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर मृतक इस्माइल का पंचनामा तैयार किया उक्त उपरांत एफएसएल डॉग स्कॉट टीम के जरिए भी सुराग लगाने का प्रयास किया गया परंतु किसी भी प्रकार की पुष्टि युक्त सबूत नहीं मिल सके। मृतक ने लगाई फांसी या सोच समझकर की गई हत्या यह समस्त घटना क्रम एक असमंजस्य की स्थिति में बना हुआ है एक ओर देखने पर स्थिति ऐसी लग रही थी जैंसे मृतक ने फांसी लगाई हो वहीं दूसरी ओर कुछ ऐसे तथ्य मिले जो कि इशारा करते है युवक को सोच समझकर मारा गया हो और पेड़ की टहनी से लटका दिया हो। सबसे महत्वपूर्ण मृतक के पास से एक नोट मिला है जिसमें बटियागढ़ ब्लॉक के तीन लोगों के नाम लिखे है जिसमें यह कहा गया है। तुम्हारे द्वारा झाड़ा फूकी का काम फ्री में किया जा रहा है। जिससे उनका नुकसान हो रहा है और तुम्हारा नाम अब खत्म परंतु उनके बेटे द्वारा इस नोट को भी निराधार बताते हुए कहा गया कि यह स्वयं का नाम बचाने किसी और के नाम से ऐसा किया गया है। वहीं पुलिस तस्दीक के दौरान मौके पर वहां तीन खाली क्वाटर,आधी सिगरेट की भरी डिब्बी और मृतक के द्वारा पहनी गई शर्ट कई जगह से फटी हुई मिली इसके उपरांत चौका देने वाली बात यह है जब मृतक को पेड़ की टहनी से नीचे उतारा और उसका सफेद कपड़े से ढका मुंह खोला गया तो उसके मुंह में पालीथीन भरी हुई थी जोकि साफ इशारा कर रही थी मृतक की आवाज को दबाया जा सके जिससे उसकी छींखे गांव के लोगों तक न पहुंच सकें। मृतक इस्माइल के बेटे ने लगाए हत्या के आरोप मृतक के छोटे बेटे शरीफ खान ने बताया कि वह गांव में ही खेती करते और रोज की तरह शाम को घर लौट आते थे परंतु बीती रात वह घर वापस नहीं लौटे जिससे हम सभी उन्हें गांव में ढूंढते रहे पर वह नहीं मिले उसके बाद सुबह खेत से कुछ ही दूरी पर पेड़ की टहनी पर लटका उनका शव मिला जबकि मेरे पिता मेरे दादा और घरवालों से कह रहे थे। उन्हें कुछ लोग काफी दिनों से परेशान कर रहे है। वहीं मृतक के बेटे और परिजनों ने गांव के ही पाँच लोग अमर सींग, लकी गजेंद्र,अजय एवं अजुद्दी राठौर पर आरोप लगाते हुए कहा इन सभी से पहले से ही जमीनी विवाद चल रहा था जिसके चलते मेरे पिता की हत्या इनके द्वारा की गई है।

वही इस संबंध में एसडीओपी प्रिया सिंधी का है कहना कि मंगलवार सुबह एक फांसी लगाने की घटना सामने आई थी। जिसके बाद मौके पर जाकर तस्दीक की गई साथ ही मृत इस्माइल के परिजनों ने जमीनी विवाद के चलते कुछ लोगों पर आरोप भी लगाए है। जिसकी जांच चल रही है अथवा पीएम रिपोर्ट आने के पश्चात इसमें जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जायेगी।